आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.07.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री मोदी को को घाना के राष्ट्रीय सम्मान – ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना – से सम्मानित किया गया।
- विदेश मंत्री सुब्रहमण्यम जयशंकर ने आतंकवाद पर भारत का समर्थन नहीं करने पर पश्चिमी देशों पर सवाल उठाया।
- चाथम ब्रिज की स्थिति सुधारने के लिए मुख्य सचिव ने दिया– प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने पन्द्रह मछली विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घाना के राष्ट्रीय सम्मान – ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना – से सम्मानित किया गया है। प्रधान मंत्री को यह सम्मान उनकी असाधारण शासन कला और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व में योगदान के कारण प्रदान किया गया है। प्रधान मंत्री श्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से यह पुरस्कार स्वीकार किया। उन्होंने यह पुरस्कार एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की ओर से पुरस्कार स्वीकार करते हुए युवाओं की आकांक्षाओं, सांस्कृतिक परंपराओं और विविधता एवं भारत–घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस विशेष सम्मान के लिए घाना की जनता और सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच मित्रता को और गहरा करता है तथा द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने की नई जिम्मेदारी उन पर डालता है।

<><><><><><><>

अमेरिका से विदेश मंत्री सुब्रहमण्यम जयशंकर ने आतंकवाद पर भारत का समर्थन नहीं करने पर पश्चिमी देशों पर सवाल उठाया है। डॉ. जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने में सभी देशों के एक साथ सहयोग करने पर बल दिया। वाशिंगटन में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह सच्चाई है कि अक्सर देश जब तक खुद आतंकवाद का शिकार नहीं होते, तब तक वे इससे पीड़ित देशों के लिए आवाज नहीं उठाते। विदेशमंत्री ने कहा कि जब किसी अन्य देश में आतंकी हमले हुए हैं, तब भारत ने मुख्य रूप से वही रूख अपनाया है जो भारत में ऐसे हमले होने पर अपनाता है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बयान पर डॉ० जयशंकर ने कहा कि उस समय जो हुआ उसका रिकार्ड बिलकुल स्पष्ट है और इस युद्धविराम को लेकर दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच वार्ता हुई थी।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस, दो हजार छब्बीस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख इक्कतीस जुलाई दो हजार पच्चीस है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। सरकार पद्म पुरस्कारों को "पीपल्स पद्म" बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे नामांकन और सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं।

<><><><><><><>

बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए सोलह जुलाई से इक्कतीस अगस्त तक डायरिया रोको अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए हाल ही में आई सी डी एस प्रशिक्षण केन्द्र, अट्टम पहाड़ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप–निदेशक डॉ. एच एम सिद्धाराजू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें डायरिया को रोकने के लिए समय पर पूरक आहार, सुरक्षित पेयजल और व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। इसके साथ–साथ ओ आर एस और जिंक के उपयोग को बढ़ावा देना और डायरिया प्रबंधन पर लोगों को शिक्षित करना होगा। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने हाथ धोने और ओ आर एस बनाने की विधि बताई। कार्यक्रम में दो सौ बारह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

चाथम ब्रिज की जर्जर स्थिति को लेकर पी आर आई सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की। बैठक मे बढ़ते यात्री दबाव की समस्या को हल करने के लिए फेरी सेवा और वाहन फेरी सेवाओं में कमी, फीनिक्स बे जेट्टी से मरीन गेट तक वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन और मरीजों के लिए वाहन सेवाओं का उचित प्रबंध, बम्बूफ्लाट से श्री विजयपुरम तक सीधी बस सेवा शुरू करना, चाथम, बम्बूफ्लाट और फीनिक्स बे जेट्टी पर जहाजरानी निदेशालय के कर्मियों की तैनाती और नए पुल के निर्माण में तेजी जैसे मुद्दों को उठाया गया। मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद सदस्य वी के मरियम बीबी, फरारगंज प्रमुख पदमावती सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे ।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने पन्द्रह मछली विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ये मछली विक्रेता विधिक माप विज्ञान अधिनियम दो हजार नौ के प्रावधानों और नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। जंगलीघाट, मोहनपुरा, डिगनाबाद और श्री विजयपुरम के नगरपालिका क्षेत्र के आस–पास प्रमुख स्थानों पर मछली बाजारों में विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों से धोखाधड़ी की जा रही थी। विभाग के अधिकारियों ने जब इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया, तो उन्होंने वहां तमाम धांधलियां पाई और इस पर मछली विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

<><><><><><>

कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल में ऑनलाइन माध्यम से दो वर्षीय ए एन एम कोर्स वर्ष दो हजार पच्चीस में प्रवेश के लिए आवेदन की अस्थाई मैरिट सूची चार जुलाई को पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। यह सूची ए एन एम ट्रेनिंग स्कूल, श्री विजयपुरम के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। ग्यारह जुलाई तक कार्यालय में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके बाद अंतिम मेरिट सूची अट्ठारह जुलाई को जारी कर दी जाएगी। काउंसिलिंग की तिथि और स्थान की घोषणा जल्द की जाएगी।

<><><><><><>

नींबूडेरा कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती में कृषि सखियों को कुशल बनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कृषि श्रमिक और कृषि सखियों की क्षमता को बेहतर और मजबूत करना था। इसके साथ–साथ पर्यावरण अनुकूल कृषि प्रथाओं में कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना था। एस एम एस राकेश डावर ने मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने, इनपुट लागत को कम करने और द्वीपों में छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका में सुधार करने के लिए प्राकृतिक खेती की तकनीकों के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर इंजीनियर मनोज कुमार, एस एम एस शुभम देवरॉय, यथार्थ शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इक्कीस ग्रामीण महिलाओं ने प्रशिक्षण से लाभ उठाया।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान का कौशल विकास कार्यक्रम एक से छः अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। छः महीने के इस पाठ्यक्रम में ऑटोमॉटिब रिपेयर लेवल, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों और हाउस वायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन उन्नीस जुलाई तक ऑटोमोबाइल विभाग में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल इंस्ट्रक्टर के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुभव के सहायक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र पन्द्रह जुलाई तक मेल के जरिए संस्थान के अकादमिक ब्लॉक में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप अपने तय कार्यक्रम के अनुसार श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम पांच जुलाई को सुबह दस बजे रवाना होगा। अतिरिक्त सामान चार जुलाई को दोपहर दो से चार बजे तक लोड किया जाएगा। इसके लिए कार्गो की वाणिज्यिक शाखा में बुकिंग कराना आवश्यक है। पांच जुलाई को सुबह आठ से नौ बजे तक यात्री जहाज पर जा सकते हैं। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि सात जुलाई से बढ़ाकर चौदह जुलाई कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><>